

# St. Andrew's College

Gorakhpur-273 001 (India)
A NAAC Accredited Grade 'B' Minority Institution
of Lucknow Diocese, Church of North India with Faculties
of Arts, Science, Law, Education and Commerce.

# Prospectus

## 2024-2026



Awarded status of :

- A Star College by the Ministry of Science and Technology, DBT, New Delhi.
- A "College with Potential for Excellence" by the U.G.C. New Delhi.
- Accredited by International Accreditation Orgnization (IAO), U.S.A

*Celebrating 125th Year of excellence and service*

*1899 - 2024*



# B.Ed.

(A Self- Financed Course)

Affiliated to D.D.U. Gorakhpur University, Gorakhpur.

सेन्ट एण्ड्रयूज महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–2026 के बी.एड. पाठयक्रम में प्रवेश निर्धारित सीटो में से 50 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मैरिट एवं काउन्सिलिंग के द्वारा होगा। शेष 50 प्रतिशत सीटो पर प्रवेश महाविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा की मैरिट के आधार पर लिया जायेगा। इस व्यवस्था में ईसाई अभ्यर्थियों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का आरक्षण अनुमन्य नहीं होगा ।

**उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सभी अभ्यर्थियों का सम्मलित होना अनिवार्य है ।**

## Entrance Test Schedule

Note : For test date and Schedule, Please refer to College website (www.standrewscollege.edu.in) and college notice board.

**नोट :** प्रवेश परीक्षा तिथि एवं समय सारिणी के लिये कालेज बेवसाईट (www.standrewscollege.edu.in) एंव महाविद्यालय के सूचना पट्ट देखने का कष्ट करें ।

**Proposed Sehedule सम्भावित सारिणी :** Date: Last Week of June **दिनांक : जून माह का अंतिम सप्ताह**

## टिप्पणी

The actual test time for B.Ed. Course is 2 hours. The Students shall report in the room for the test 30 minutes earlier.

**प्रवेश परीक्षा का निर्धारित समय बी.एड. के लिए 2 घंटे हैं। परीक्षार्थी को कमरे में आधा घण्टा पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर लेना है ।**







## B.Ed. Course ( A Self-Finance Programme approved by N.CT.E

### 1. इतिहास :

सेण्ट ऐण्ड्रयूज कॉलेज, गोरखपुर चर्च मिशनरी सोसाइटी द्वारा सन् 1828 में मिशन स्कूल में स्थापित हुआ था जो प्रमुख रूप से मसीही बालकों को शिक्षा देने हेतु आरम्भ किया गया किन्तु अन्य जाति एवं धार्मिक श्रद्धा वाले छात्र भी इसमें स्वेच्छा से भर्ती हुये । आगे चलकर 1899 में इसने महाविद्यालय का रूप धारण किया और सर्वप्रथम कलकत्ता विश्वविद्यालय से सम्बद्ध हुआ । वर्तमान समय में यह कालेज गोरखपुर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध तथा चर्च ऑफ नार्थ इन्डिया के लखनऊ डायोसिस द्वारा संचालित है और इसका संचालन सेण्ट ऐण्ड्रयूज प्रबन्ध समिति द्वारा होता है। प्रबन्ध समिति में अनुभवी शिक्षाविद् तथा गोरखपुर के कुछ प्रबुद्ध नागरिक है जो लखनऊ के राइट रेवरेण्ड बिशप की अध्यक्षता में कार्य करते हैं ।

### 2. उद्देश्य :

कालेज का उद्देश्य ईसा मसीह के जीवन तथा शिक्षाओं से प्रेरणा प्रात कर विद्यार्थियों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करना है। बाइबिल पर आधारित धार्मिक शिक्षा कालेज के पाठ्यक्रम का एक अंग हैं, किन्तु इसमें जिनकी रुचि नहीं है उन्हें विवश नहीं किया जाता । इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले छात्रों से यह आशा की जाती है। कि वे आत्मिक, चारित्रिक, शारीरिक एवं उच्च बौद्धिक शिक्षा प्राप्त करने की इच्छा से यहाँ प्रवेश लेंगे । महाविद्यालय इसके लिये पूर्ण प्रयास करता हैं ।

## प्रवेश परीक्षा संबन्धी सूचना

1. कॉलेज विवरणिका के अनुसार अर्हता प्राप्त न करने की स्थिति में जमा किया गया प्रवेश परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
2. प्रवेश परीक्षा फार्म की प्राप्ति-प्रवेश परीक्षा फार्म कॉलेज काउन्टर से शुल्क 1300/- नगद भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है ।






## 3. अत्यावश्क निर्देश :

प्रवेश फार्म पूर्ण रूप से पूरित कर इसे पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि तक प्राचार्य, सेण्टड्रयूज कॉलेज गोरखपुर के नाम भेजें तथा संल्गन लिफाफे के बाहर लिखें कि किस कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन कर रहे है। जांच में सही पाये जाने वाले फार्मो के अभ्यर्थियों को प्रवेश-पत्र सीधे कालेज काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं । प्रवेश पत्र के वितरण की तिथि 15-04-2024 से 01-06-2024 (रविवार छोड़कर) प्रवेश परीक्षा के समय प्रवेश-पत्र साथ लाना आवश्यक है। प्रवेश-पत्र परीक्षा के पूर्व खो जाने की स्थिति में डुप्लीकेट प्रवेश-पत्र परीक्षा से एक दिन पूर्व कॉलेज काउन्टर से 50.00 रूपया शुल्क देकर प्राप्त करें।

## विशिष्ट :

1. केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा ही प्रवेश परीक्षा फार्म स्वीकार किये जायेंगे ।
2. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र कालेज काउन्टर पर विलम्ब शुल्क के साथ जमा किये जा सकते हैं ।
3. किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन पत्रों पर प्रवेश परीक्षा हेतु विचार नहीं किया जायेगा एवं ऐसे आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा ।
4. प्रत्येक अभ्यर्थी की उपस्थिति 75 प्रतिशत अनिवार्य होगी ।

## 4. प्रवेश फार्म प्राप्त तथा जमा करने की तिथियां :

**आवेदन- पत्र प्राप्त करने की तिथि-** 15-04-2024 से 01-06-2024 तक कालेज काउन्टर से प्राप्त करें ।

**आवेदन -पत्र जमा करने की अंतिम तिथि**- रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा 05-06-2024 तक। अन्तिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र 100/- प्रति दिन विलम्ब शुल्क के साथ सीधे कालेज काउन्टर पर दिनांक 06-06-2024 से 15-06-2024 तक जमा किये जा सकते हैं।

**Proposed Sehedule सम्भावित सारिणी :** Date: Last Week of June दिनांक : जून माह का अंतिम सप्ताह

**प्रवेश परीक्षा परिणाम एवं प्रवेश की प्रक्रिया :** बाद में घोषित किया जायेगा ।

## 5. N.C.T. E. द्वारा B.Ed. 2024-2026 सत्र में प्रवेश हेतु अर्हता:

1. किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा योग्यता प्रदार्थी स्नातक/स्नातकोत्तर एवम् समकक्ष उपाधि के न्यूनतम 50% अंक के साथ उत्तीर्ण ।





2. अनुसूचित जातियों एवम् अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों हेतु विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि अथवा स्नातकोत्तर उपाधि : न्यूनतम 45% अंको के साथ।

3. महाविद्यालय में निम्नलिखित दो वर्गो में ही प्रवेश होगा ।
    1. कला वर्ग
    2. विज्ञान वर्ग

## 6. B.Ed. 2024-2026 सत्र में प्रवेश हेतुं निर्देश :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Paper Ist | Part I<br>Part II<br>Part III | General Knowledge/awareness<br>Teaching Aptitude<br>Subject Test - I<br>Subject Test - II | 30 Marks<br>30 Marks<br>45 Marks<br>45 Marks | 150 Marks |
| Paper 2nd | | Special test on Biblical knowledge | 50 Marks | |

1. प्रवेश परीक्षा के प्रत्येक प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहु विकल्पी होंगे जिनमें कोई एक विकल्प सही होगा, जिन्हे अभ्यर्थी को उत्तर प्रपत्र में पेन्सिल सेकाला करना होगा ।
2. अध्यापकीय अभिरूचि परीक्षण (द्वितीय खण्ड) में कला एवं विज्ञान संवर्ग के प्रश्न होंगे ।
3. तृतीय खण्ड में अभ्यर्थी किन्ही दो विषयों के प्रश्नों के उत्तर देंगे ।
4. ईसाई अभ्यर्थी के लिए बाईबिल ज्ञान एवं अध्ययन (द्वितीय प्रश्न-पत्र ) से सम्बंधित प्रश्न होंगे । 50% सीट क्रिश्चियन/स्टाफ वर्ग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं
5. उत्तर-पुस्तिका तथा उत्तर प्रपत्र पर निर्धारित स्थान के अतिरिक्त नाम लिखना एवं किसी प्रकार का चिन्ह लगाना पूर्णतया वर्जित है। इसे अनुचित मानकर परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा ।
6. प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रवेश के समय चिकित्सा स्वास्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा ।
7. प्रवेश के उपरान्त अभ्यर्थी को संस्था द्वारा निर्धारित परिधान धारण करना अनिवार्य होगा ।
8. प्रवेश हेतु मेरिट का आंकलन प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर किया जाएगा ।
9. गलत उत्तर देने पर अंको की कोई कटौती नहीं होगी ।
10. प्रवेश परीक्षा की मेरिट के अतिरिक्त साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश होगा ।



## 7. आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले आवश्य प्रपत्र :



1. समस्त अंक पत्र तथा प्रमाण पत्रों/मेडिकल सर्टिफिकेट की छायाप्रति ।
2. चर्च के पुरोहित द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र (केवल ईसाई अभ्यर्थियों के लिए) की प्रमाणित छाया प्रति ।
3. अनुसूचित जाति/ अनु जनजाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा विगत 6 माह की पूर्व निर्गत आय-प्रमाण की छाया प्रति (केवल अनुसूचित जाति/अनु जनजाति अभ्यर्थियों के लिए )
4. मूल स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र /प्रवजन प्रमाण पत्र ।
5. मूल बपतिस्मा प्रमाण-पत्र तथा चर्च स्पॉन्सर्ड प्रमाण -पत्र । (केवल ईसाई अभ्यर्थियों के लिए)
6. आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात कोई अधिभार देय नहीं होगा तथा कोई प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया जायेगा ।
7. महाविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क प्रवेश के दिन ऑन लाइन/डी.डी. देय होगा ।

**अत्यावश्यक :** आवेदन पत्र रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट द्वारा दिये गये लिफाफे में ही भेजे ।

**Very Important : Send your application by registered post in the envelope supplied with the Application Form.**

- प्रवेश परीक्षाफल प्रवेश परीक्षा के लगभग एक सप्ताह बाद कालेज सूचना-पट्ट/स्थानीय समाचार पत्र/ College website पर देखें। प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक हेतु अलग से आवेदन करना होगा ।
- इन समस्त नियमो एवं विधि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन तथा नये नियम एवं कानून लागू करने के समस्त अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है, जिसे कानूनी रूप में किसी भी अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती हैं ।





**Prof. C.O. Samuel**
**Principal**

# कालेज गीत

ऐ शम–ए–इल्म 'एण्ड्रयूज' तू और जगमगाये ।
इस सरज़मी पे तूने लाखों दिये जलाये ।।
नाजाँ हो क्यों न इस पे नाजे वतन हमारा।
'एण्ड्रयूज' प्यारा कालेज प्यारा चमन हमारा
हम ज़ेब हैं वतन की कलियाँ हैं इस चमन की।
फूले चमन हमारा महके वतन हमारा ।।
भरते हैं अपना दामन हम सच्चे मोतियों से।
इल्म–ओ–हुनर की दौलत पाना है फ़न हमारा ।।
पोशाक से अदब की क्यों न इसे सजाएँ।
कालेज की जान हैं हम कालेज है तन हमारा ।।
पैग़ाम–ए जिन्दगी से मख़मूर हों फिजायें ।
बू–ए–कमाल बनकर फैले सुख़न हमारा ।।













# St. Andrew's College

Gorakhpur-273 001 (India)
A NAAC Accredited Grade 'B' Minority Institution
of Lucknow Diocese Church of North India with Faculties of Arts, Science, Law, Education and Commerce.

**Established : 1899 A.D.**
**Contact No. : 8795815610**
**www.standrewscollege.edu.in**